**डाक-तार विभाग के कर्मचारियों के लिए आवास**

2184. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने डाक और तार विभाग के कर्मचारियों को क्वार्टर उपलब्ध नहीं कराए हैं;

(ख) यदि हां, तो दिल्ली में डाक और तार तथा संचार विभाग के अधीन कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ग) श्रेणी-वार ऐसे कर्मचारियों की संख्या कितनी है जिन्हें सरकारी आवास प्राप्त हो गया है ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू)** : (क) जी हां ।

(ख) **डाक विभाग**

31-3-1992 को कर्मचारियों की कुल संख्या 12,982 थी ।

**दूरसंचार विभाग**

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड दिल्ली को मिलाकर कर्मचारियों की कुल संख्या 32,316 है ।

(ग) **डाक विभाग**

कुल मिलाकर, 1310 कर्मचारियों को सरकारी निवास आबंटित किए गए हैं । श्रेणीवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए) ।

**दूरसंचार विभाग**

कुल मिलाकर, 2361 कर्मचारियों को सरकारी निवास आबंटित किए गए हैं। श्रेणी-वार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।

**विवरण**

(डाक कर्मचारियों को स्टाफ क्वार्टरों का आबंटन)

| क्र० सं० | स्टाफ का श्रेणीवार वितरण | | मकानों का श्रेणीवार वितरण |
|---|---|---|---|
| | श्रेणी | आबंटितियों की संख्या | श्रेणी | आबंटित मकानों की संख्या |
| 1. | वर्ग—क | 16 | टाइप–5 | 3 |
| 2. | वर्ग—ख | 13 | टाइप–4 | 22 |
| 3. | वर्ग—ग | 986 | टाइप–3 | 174 |
| 4. | वर्ग—घ | 295 | टाइप–2 | 766 |
| | | | टाइप–1 | 345 |

दूरसंचार कर्मचारियों को स्टाफ क्वार्टरों का आबंटन

| क्र० सं० | आवास की श्रेणी | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | टाइप–1 | 599 |
| 2. | टाइप–2 | 1217 |
| 3. | टाइप–3 | 309 |
| 4. | टाइप–4 | 154 |
| 5. | टाइप–5 तथा उससे ऊपर | 82 |